# आइटी सेक्टर को भी उद्योग का दर्जा

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ : कैबिनेट ने एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को स्वीकृति देकर प्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी

## कैबिनेट के अन्य फैसले

(आइटी) व सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवाओं (आइटीईएस) को उद्योग का दर्जा दे दिया है। अभी तक उद्योग का दर्जा न मिलने से आइटी क्षेत्र की कंपनियों को भूमि आवंटन व बिजली कनेक्शन व दरों में दूसरे उद्योगों की तरह प्राथमिकता व छूट नहीं मिलती थी। अब इन्हें भी ये सारी सुविधाएं मिलेंगी।

अब आवासीय विकास प्राधिकरणों व औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में औद्योगिक श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत भूमि को आइटी व आइटीएस क्षेत्र की इकाइयों को औद्योगिक दर पर भूमि आवंटन की सुविधा मिलेगी। यही नहीं नई और पहले से चल रही इकाइयां जिनका न्यूनतम विद्युत भार 150 किलोवाट है, उनको औद्योगिक दर पर बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। इससे आइटी क्षेत्र की विद्युत लागत में लगभग 18 प्रतिशत तक की बचत होगी।